# आयुक्त ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** शासकीय वाई.वाई.टी पी.जी. स्वशायी महाविद्यालय दुर्ग में स्थित जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी अंतर्गत संचालित डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब (डी.आई.एच.) की अतिविधियों का नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, चरोदा आयुक्त डी. एस. राजपूत एवं दुर्ग अपर जिलाधिकारी अग्रवाल उपस्थित रहे। दुर्ग जिले में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन दुर्ग एवं टाटा इन्क्यूब फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब की स्थापना 2024 में की गई है। यह हब युवाओं और स्टार्टअप के लिए एक ऐसा मंच है, जहां उन्हें मेम्बररशिप, प्रशिक्षण को–वर्किंग स्पेस, निवेशकों से संपर्क और व्यवसाय को विस्तार देने के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। डी.आई.एच. का उद्देश्य जिले में एक सशक्त और आत्मनिर्भर स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करना है। टाटा इन्क्यूब फाउंडेशन देश ही अग्रणी संस्था है, जो मूल्य आधारित उद्यमिता, सामाजिक नवाचार और कौशल विकास को प्रोत्साहित करती है। टी.आई.एफ और डी. आई.एच मिलकर दुर्ग में उद्यमिता की नई संभावनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। डी.आई.एच, सीएसआईडीसी तथा अन्य को इन्क्यूबेटर्स नेटवर्किंग प्लेटफार्म और निवेश अवसर प्राप्त हो रहे हैं। अब तक आयोजित इन्वेस्टर कान्क्वेल, एग्रीटेक उद्यमी एवं किसान सम्मेलन, प्रशिक्षण कार्यशालाएं और कालेज आउटरीच कार्यक्रमों ने जिले में युवाओं और उद्यमियों को नई दिशा देने का काम किया है। यह संयुक्त पहल दुर्ग को प्रदेश का एक अभरता हुआ स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण उपरांत आयुक्त द्वारा जिले के सभी महाविद्यालयों विशेषकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर संस्थानों में डी.आई.एच. की गतिविधियों का व्यापक प्रचार–प्रसार करने निर्देशित किया गया है। युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित कर नए उद्यमी तैयार करने पर विशेष जोर दिया जावे। उद्यमिता को जिले के प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब के प्रोग्राम मैनेजर समीरन मित्रा को गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

